तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

8 कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण...


9 विवेकानंद जयंती पर छात्रों ने निकाली युवा जागरूकता रैली


## खबर संक्षेप




### बीमा कंपनी देगी 60 हजार की क्षतिपूर्ति

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा शुक्रवार को एक प्रकरण में आईसीआईसीआई लोंबार्ड बीमा कंपनी को आवेदिका को 60 हजार की क्षतिपूर्ति और 10 हजार रुपए का जुर्माना अदा किए जाने का आदेश पारित किया गया है। इस आदेश में आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव निवासी भानुप्रिया मजूमदार ने कोंडागांव से एक होंडा एक्टिवा क्रय की थी, जिसका बीमा आईसीआईसीआई लोंबार्ड बीमा कंपनी द्वारा किया गया था। आवेदिका द्वारा उक्त वाहन को निजी उपयोग हेतु पढ़ाई के दौरान रायपुर में रखा गया था। लॉकडाउन के दौरान आवेदिका की उक्त वाहन चोरी हो गई थी, जिस संबंध में आवेदिका द्वारा पुलिस थाने एवं बीमा कंपनी को सूचना दी गई थी। बीमा कंपनी द्वारा आवेदिका का दावा विलंब से सूचना दिए जाने का अवलंबन लेते हुए निरस्त कर दिया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदिका द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना बीमा कंपनी विलंब के आधार पर क्षतिपूर्ति दावा निरस्त करने का अधिकार नहीं रखती है। इस हेतु आयोग ने उसे 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित भी किया गया।

### मकर संक्रांति पर होगा हनुमान चालीसा पाठ

**जगदलपुर।** आदित्य वाहिनी और आनंद वाहिनी की ओर से 15 जनवरी को मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में 108 बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। आदित्यवाहनी जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर व आनंदवाहनी जिलाध्यक्ष गीता शुक्ला के मुताबिक सुबह 9.30 बजे से पाठ शुरू होगा। पाठ समाप्ति के बाद शाम 4 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। पनारापारा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर स्थित भूतेश्वर महाकाल के हनुमान मंदिर में यह आयोजन होगा।

### अवैध धान परिवहन पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई



**दंतेवाड़ा।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं खाद्य विभाग द्वारा अवैध धान के परिवहन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में 7 जनवरी को खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और कृषि उपज मंडी गीदम की संयुक्त टीम द्वारा व्यापारी भगवानदीन पासवान के वाहन क्रमांक सीजी 18 एन 2523 को कुआकोंडा थाने के समीप रोका गया। जिसमें व्यापारी भगवानदीन पासवान के द्वारा 32 बोरी धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। व्यापारी से धान के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त धान को जगरगुंडा जिला सुकमा से लाया जाना बताया। धान के परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज व्यापारी द्वारा प्रस्तुत नहीं करने के कारण उक्त वाहन में रखे गये 32 बोरी धान को कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के तहत जप्त किया गया। इस कार्रवाई में महेश कश्यप तहसीलदार कुआकोंडा, भास्कर शर्मा थाना प्रभारी कुआकोंडा, प्रमोद सोनवानी खाद्य निरीक्षक कुआकोंडा, सचिन कुमार खाद्य निरीक्षक कटेकल्याण और बालमुकुंद यादव मंडी उपनिरीक्षक गीदम शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री की मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को मिलेगा योजनाओं से लाभ : विधायक किरण

## ग्रामीणों ने पूरे उत्साह के साथ संकल्प शिविर में निभाई सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जगदलपुर विकासखंड के ग्राम नगरनार में आयोजित संकल्प शिविर में विधायक किरण देव सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और भारत सरकार के संयुक्त सचिव पीयूष सिंह, कलेक्टर विजय दयाराम के. तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन अपार उत्साह के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक किरण देव ने हल्बी बोली में सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा गांव, गरीब, किसान सभी को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर सबको विकास से जोड़ना है। इसी मंशानुरूप समाज के सभी वर्गों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। उन्होंने संकल्प शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया। इस मौके पर विधायक किरण देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध होकर काम कर रही है। उन्होंने इस दिशा में किसानों को दो साल के धान बोनस राशि वितरण, प्रदेश के 18 लाख परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि प्रदाय इत्यादि का उल्लेख करते हुए विकास ▶▶| शेष पेज 8 पर



### हितग्राहियों ने सुनायी बदलाव की कहानी

कार्यक्रम के दौरान नगरनार में हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी को उपस्थित ग्रामीणों के साथ साझा किये। जिसके तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का मकान बनाने वाले रामदास ने कहा कि पहले मिट्टी के घर में बारिश के दौरान बहुत दिक्कत होती थी, अब प्रधानमंत्री आवास योजना की सहायता से पक्का मकान बनाकर परिवार के सदस्यों के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने पक्का मकान बनाने हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना संचालित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। इसी तरह मैनबत्ती ने आयुष्मान भारत कार्ड के माध्यम से नगरनार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क उपचार करवाने के बारे में बताया। वहीं सुभद्रा बाई ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की सहायता से निर्मित पक्का मकान में बारिश, ▶▶| शेष पेज 8 पर

## अपराध : युवक की हत्या मामले में नाबालिग बच्ची का चाचा गिरफ्तार

# भतीजी से देर रात मिलने आए युवक की पिटाई, छत से फेंका, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





कोतवाली थाना क्षेत्र के कुदालगांव गुच्चागुड़ा में हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतक तीन दिन पूर्व कुदालगांव में आरोपी के घर पर जाकर उसकी भतीजी से बात कर रहा था, इसी बीच चाचा के जागने पर युवक छत की ओर भागा। जिसका पीछा करते हुए चाचा भी छत पर गया और उसकी डंडे से पिटाई कर छत से धक्का दे दिया था। गंभीर युवक को उपचार के लिए रायपुर ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्तें में ही दम तोड़ दिया था।

> ■ कुदालगांव गुचागुडा में हुए हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

सीएसपी विकास कुमार ने बताया कि कुदालगांव गुच्चागुडा में हुए हत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी द्वारा युवक को भतीजी के साथ प्रेमप्रसंग के चलते गुस्से में आकर हत्या करने की बात कबूली है। मामले में पुलिस ने आरोपी राजु उर्फ पुरुषोत्तम ठाकुर 44 साल निवासी कुदालगांव गुच्चागुड़ा पारा को गिरफ्तार किया है। घटना दिनांक 8 जनवरी की है कुदालगांव गुच्चागुडापारा में मृतक निलेष ठाकुर का राजु उर्फ पुरूषोत्तम ठाकुर की भतीजी के साथ प्रेम संबंध था। घटना की रात मृतक चोरी छिपे मिलने उसके घर गया था जहां दोनो बिस्तर में बातचीत कर रहे थे, उसी समय बगल रूम में सोया हुआ चाचा राजु उर्फ पुरुषोत्तम ठाकुर जग गया और दोनो को बिस्तर में देख लिया। तब निलेष ठाकुर सीढ़ियों से उपर छत की ओर भागा, जिसका पीछा करते हुए पुरुषोत्तम ठाकुर ने गुस्से से लकड़ी के डंडे से उसके साथ मारपीट किया और उसे छत से धक्का देकर गिरा दिया। निलेश ठाकुर के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण ईलाज दौरान उसकी मौत हो गई। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर जांचकी जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शशिमोहन सिंह के मार्गदर्शन व एएसपी महेश्वर नाग, सीएसपी विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। जांच के दौरान चश्मदीद साक्षियों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही राजु उर्फ पुरूषोत्तम ठाकुर को मामले के संबंध में पूछताछ किया गया तब आरोपी ने मृतक निलेश ठाकुर की हत्या करना स्वीकार किया। उसने बताया कि दोनो एक दुसरे को पंसद करते थे मोबाइल में बातचीत करते थे। दोनों आपस में मिलते ▶▶| शेष पेज 8 पर

### इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर व सुरेश जांगड़े के अलावा एसआई प्रमोद ठाकुर, अमित सिदार, लोकेश्वर नाग, एएसआई दिनेश उसेण्डी, प्रधान आरक्षक अनिल कन्नौजे, उमेश चंदेल, आरक्षक भुपेन्द्र नेताम,रवि सरदार, युवराज सिंह, भीगु कश्यप, विनोद खेस व नुकुल नुरेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रेशर हार्न व माडिफाई साइलेंसर वाहनों पर कार्रवाई

## दो दर्जन से अधिक वाहनों के साइलेंसर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शहर में बेधड़क घुम रहे प्रेशर हार्न व माडिफाई साइलेंसर लगे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस द्वारा यातायात दफ्तर में वाहनों को लाकर दो दर्जन से अधिक वाहनों के साइलेंसर जब्त किए है। वहीं वाहन चालकों के पालकों से भी अपील की गई है कि अपने बच्चों को ऐसे वाहन न दें, जिसमें प्रेशर हार्न व साइलेंसर लगे है।

> ■ यातायात पुलिस की पालकों से अपील बच्चों को दे समझाइश

यातायात निरीक्षक अभिजीत सिंह भदौरिया ने बताया कि एसपी शशि मोहन सिंह के आदेशानुसार व एएसपी महेश्वर नाग व डीएसपी संतोष के निर्देशन में दोपहिया वाहनों में लगाए गए अमानक अनधिकृत साइलेंसर तथा प्रेशर हॉर्न के करीब दो दर्जन से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। इन वाहनों के चालकों को वाहन समेत यातायात पुलिस के दफ्तर में लाया गया और मैकेनिक बुलाकर साइलेंसरों को निकाल कर जब्त किया ▶▶| शेष पेज 8 पर

### बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर घूमता रहा चालक

शुक्रवार शाम शहर के व्यस्तम गोलबाजार मुख्य मार्ग में चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 17 केके 7231 को खड़ी कर चालक घूमता रहा, जिससे वाहनों की लंबी कतार लगती रही। आस पास के लोगों की शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे यातायात अमले द्वारा वाहन में विल कैप लगाकर लॉक कर दिया गया। यातायात प्रभारी भदौरिया ने बताया कि लोगों की शिकायत के बाद चालक की तलाश कर बीच सड़क में वाहन खड़ी न करने व पार्किंग में पार्क करने की हिदायत देते हुए जुर्माना वसूल कर जाने दिया गया। वहीं गोलबाजार के व्यवसायियों से भी अपील की गई है कि वाहनों को बीच सड़क में खड़ी न करने दें तथा नहीं मानने पर इसकी सूचना यातायात पुलिस को दें।

# प्रयोग शाला वैन ने की जांच सड़कों की गुणवत्ता में मिली कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के अंदरूनी एवं सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता पर मनमानी हो रही है। इसके चलते संभाग के दंतेवाड़ा एवं कांकेर जिले के 5 सड़क निर्माण कार्य की जांच चलित प्रयोगशाला वैन से की गई। गीदम से बारसूर मार्ग के उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, भानुप्रतापुर उपसंभाग के सम्बलपुर से सीलपट मार्ग में डब्ल्यूएमएम, राजनांदगांव से बैलाडिला मार्ग निर्माण कार्य में थिकनेस में कमी पाई गई। दंतेवाड़ा उपसंभाग गीदम के पल्ली बारसूर में डामरीकरण नवीनीकरण कार्य एवं कांकेर उपसंभाग के कांकेर-दुधावा मार्ग में मजबूतिकरण कार्य में थिकनेस अनुरूप माना गया। बताया जा रहा है कि लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता की ओर से निर्माणाधीन कार्यों की जांच के लिए विभाग की चलित प्रयोगशाला वेन और लेब तकनीकि के साथ भेजा जा रहा है। इससे लेब के कर्मचारियों ने जांच के लिए सड़क की कटिंग भी की जा रही है।

> ■ संभाग के 2 जिलों में 5 सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच



### मनमानी पर होगी कार्रवाई

लोक निर्माण विभाग जगदलपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे ने इस संबंध में बताया कि सड़क निर्माण कार्य के गुणवत्ता में मनमानी करने वाले अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसलिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखें।

# कमिश्नर ने सिंघनपुर धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर श्याम धावड़े ने शुक्रवार को कोंडागांव जिले के सिंघनपुर धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केंद्र के प्रभारी से पंजीकृत किसानों की संख्या, किसानों का रकबा, धान उठाव की स्थिति का संज्ञान लेकर खरीदी की गई धान का वजन करवाया। कमिश्नर ने धान की बोरी का वजन कम पाने पर बाट वाले तौल की जगह इलेक्ट्रानिक तौल मशीन का उपयोग करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी की भी जांच करवाई। इसके अलावा मक्का खरीदी की व्यवस्था पर भी चर्चा किए। धान बेचने पहुंचे किसानों से उपार्जन केन्द्र की व्यवस्था, किसान क्रेडिट कार्ड का उपयोग, धान खरीदी समिति के द्वारा दी जा रही सेवा का भी संज्ञान ▶▶| शेष पेज 8 पर

# आदिवासी संस्कृति-परंपरा से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर के आदिवासी समुदाय अपनी परंपरा और संस्कृति की रक्षा के लिए जाग उठे हैं। समाज को बाहर से आये लोगों के बारे में पता चल गया है, अब वे उनकी साजिश का पर्दाफाश कर रहे हैं और मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। उनका मुख्य एजेंडा आदिवासियों का धर्मांतरण करना है, लेकिन आदिवासी इस मकड़जाल को समझ चुके हैं। यह हमारी संस्कृति और परंपरा की असली जड़ है। हमें इससे जुड़े रहना है, यह बात वन मंत्री केदार कश्यप ने कही।

> ■ वनवासी, आदिवासियों का सामाजिक जीवन हिन्दू संस्कृति का जीवन दर्शन है

दरअसल जनजाति सुरक्षा मंच ने जनजाति समाज में सांस्कृतिक चेतना के लिए आया के गुहार मां दंतेश्वरी के द्वार यात्रा का शुभारंभ नारायणपुर से किया है। इस यात्रा में बड़ी संख्या में आस-पास के क्षेत्रवासी शामिल हुए। वहीं इस यात्रा में बस्तर संभाग के कद्दावर नेता, वनमंत्री व प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप गुरुवार को शामिल हुए। उन्होनें यात्रा में शामिल सभी परिवारजनों को शुभकामनाएं दी। वनमंत्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है। जिसका आधार हमारी बस्तर की सांस्कृतिक परंपरा है। जो लोग हमें पिछड़ा हुआ समझते हैं, उन्हें ज्ञात नहीं है कि ▶▶| शेष पेज 8 पर



### वनवासी का सामाजिक जीवन हिन्दू संस्कृति का जीवन दर्शन

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हम लोग प्रकृति के उपासक हैं। हमारे जीवन शैली को हिन्दू संस्कृति का आधार माना जाता है। खेतों में फसल लगाने से लेकर काटने तक, सभी कार्यों में देवताओं और पूर्वजों का आह्वान किया जाता है। बस्तर का दशहरा, मौली मेला, माई दंतेश्वरी का मंदिर यहां की संस्कृति विश्व प्रसिद्ध है। ऐसे क्षेत्र का मुझे प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यह मेरे लिए गौरव का क्षण है।

## शिक्षक माता-पिता की बेटी की सफलता पर बधाई देने घर पहुंचे लोग

# पहले ही प्रयास में सिविल जज बनी चिउरगांव की मानसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बकावंड ब्लाक के छोटे से गांव चिउरगांव की मानसी बिस्ट पहले ही प्रयास में सिविल जज बन गई है। उसे प्रदेश में तीसरा रेंक प्राप्त हुआ है। गुरूवार को जब उसे सिविल जज बनने की सूचना मिली तो परिवार और गांव में खुशी का माहौल बन गया। गांव की बेटी की सफलता पर लोगों में काफी प्रसन्नता देखी गई। हरिभूमि ने चिउरगांव पहुंचकर मानसी से उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते चर्चा की। मानसी ने बताया कि मेरी स्कूली शिक्षा बकावंड ब्लाक के पाहुरवेल स्थित जयक्रिस्टा स्कूल में हुई। डीपीएस दुर्ग में 12वीं तक की पढ़ाई के बाद लॉ कॉलेज देहरादून में कानून की पढ़ाई और एलएलएम पीजी कोर्स की।



मानसी ने कहा कि मेरा लक्ष्य जज बनने का था, जो पूरा हो चुका है। अब आगे किसी भी अन्य सेवा में जाने का कोई इरादा नहीं है। पढ़ाई के विषय में उसने कहा कि पिछले साल 26 फरवरी 2023 को प्रारंभिक परीक्षा में शामिल हुई और मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार के बाद 11 जनवरी को परिणाम आया। परिवार के विषय में मानसी ने कहा कि माता-पिता दोनों शिक्षक हैं और छोटा भाई बीएएमएस कर रहा है। पिता नरेन्द्र कुमार बिस्ट बकावंड के हायर सेकण्डरी गर्ल्स स्कूल में प्रभारी प्राचार्य तथा माता ममता बिस्ट चिउरगांव में शिक्षिका हैं।

### बस्तर की धरती से जागी सेवा की इच्छा

मानसी ने कहा कि बस्तर की धरती में पढ़-लिखकर इस पद पहुंची हूं। इसलिए मेरी दिली इच्छा है कि यहां के लोगों की सेवा कर सकूं। न्यायिक सेवा में काम करने पर गरीब और पीड़ित लोगों की सेवा करने का काफी अवसर मिलता है। प्रयास करूंगी अपने काम के माध्यम से ऐसे लोगों की सेवा कर सकूं।

### लक्ष्य बनाकर मेहनत करने से कोई काम कठिन नहीं

मानसी ने कहा कि जज बनने के लिए मैंने लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में पूरी मेहनत की अपने विषय को गंभीरता से समझा, जाना और पूरी ताकत लगाकर ध्यान से पढ़ी। युवाओं के लिए मेरा संदेश यह है कि कोई भी काम कठिन नहीं है, अपना लक्ष्य बनाकर उस काम में 100 फीसदी देने का प्रयास करने पर सफलता जरूर मिलती है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## खबर संक्षेप



### राम मंदिरः प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण घर-घर पहुंचाया जा रहा

फरसगांव। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रामभक्तों और श्रद्धालुओं को निमंत्रण देने शुरू हो गया। देशभर के शहरी और ग्रामीण इलाकों में अक्षत के हिन्दू कार्यकर्ता राम का निमंत्रण देने घर-घर जाकर रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने निमंत्रण दे रहे हैं। इसके साथ ही दिव्य-भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शंखनाद अयोध्या से पूरे देश में हो गया। इसी तरह फरसगांव क्षेत्र में भी रामभक्त और हिन्दूजन सुबह शाम गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते भगवान श्रीराम के जयकारों और गीतों के साथ घर घर जाकर निमत्रण पत्र देकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने कहा जा रहा है। साथ में अक्षत कलश भी घर घर घुमाया जा रहा है। इसके साथ ही सभी रामभक्त और हिन्दू भाइयों को आग्रह किया जा रहा है कि 22 जनवरी को दीपावली की तरह अपने अपने घरों को सजाकर इस पर्व को धूमधाम से दीपावली की तरह मनाने अपील कर रहे हैं। घरों को दीपों से सजाकर कर आतिशबाजी करते हुए इसे पर्व की तरह मनाने अपील कर रहे हैं। साथ ही नगर के सभी मंदिरों में भी दीप जलाकर सजाने की तैयारी चल रही है। फरसगांव नगर में 22 जनवरी के आयोजन की तैयारी चल रही है।

### केशकाल थाने के नए प्रभारी सौरभ उपाध्याय ने किया पदभार ग्रहण



केशकाल। कोंडागांव एसपी वाय. अक्षय कुमार ने पिछले दिनों पुलिस विभाग में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक एवं आरक्षकों का फेरबदल किया है। जिसमें केशकाल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आनंद सोनी को अनंतपुर थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं अनंतपुर थाना प्रभारी सौरभ उपाध्याय को केशकाल थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 11 जनवरी गुरुवार को केशकाल थाने में नए थाना प्रभारी के रूप में सौरभ उपाध्याय ने पदभार ग्रहण किया। वही उ.नि. आनंद सोनी ने निरी. सौरभ उपाध्याय को प्रभार सौंप दिया है।

### मेथोडिस्ट चर्च फरसगांव में मनाया गया स्थापना पर्व



फरसगांव। नगर के मसीह समाज के विश्वासियों ने 11 जनवरी गुरुवार को चर्च स्थापना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर नगर के चर्च में प्रातः से ही आराधना का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए। इस अवसर पर समाज के लोगों के द्वारा आराधना के पश्चात चर्च में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर पास्टर विक्टर डेनियल, फरसगांव मसीह समाज के अध्यक्ष प्रवीण राव, दीपेंद्र मसीह एवं अन्य पास्टर, विश्वासी तथा नगर के जनप्रतिनिधि एवं अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मसीह समाज ने नगर से आए सभी जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्र सर्वोपरि, देश की उन्नति में युवाओं की अहम भूमिका : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- पतंजलि योग समिति ने आयोजित किया योग शिविर, मैराथन व सूर्य नमस्कार

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को पतंजलि योग समिति ने इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में युवा दिवस का आयोजन किया। जहां योग शिविर, योग मैराथन व विराट सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में शहर के युवा, बच्चें व बुजुर्ग शामिल हुए। युवा दिवस के आयोजन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुये कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है, देश को अग्रणी बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। युवा ही इस देश को विकसित और विश्वगुरु बना सकते हैं। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी डॉ.परमार्थ देव विशेष रूप से पहुंचे थे, जिनके द्वारा योग शिविर व विराट सूर्य नमस्कार संपन्न कराया गया। इस दौरान पतंजलि योग समिति के प्रांत प्रभारी डा. मनोज पाणिग्रही, धर्मपाल सैनी, लच्छू राम कश्यप, विद्याशरण तिवारी, संजय पाण्डेय, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, दिगम्बर राव, अनिल लुंकड़, मनोज पटेल, विनय राजू, आशू आचार्य, अभिषेक तिवारी आदि शामिल रहे।



### सत्य सनातन धर्म ही शाश्वत है

योग गुरु बाबा रामदेव ने हरिद्वार से ऑनलाइन इस आयोजन को आशीर्वचन प्रदान किया। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उन्होंने शरीर स्वस्थ के लिए निरंतर योग करते रहने की प्रेरणा दी। इस आयोजन में फैंसी ड्रेस तथा स्लोगन प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें स्कूली बच्चों ने भाग लिया।



### आईजी, कलेक्टर, एसपी योग अभ्यास में हुए शामिल

आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर विजय दयानंद के., एसपी शशि मोहन सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे योग में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष योग आयोग पतंजलि परिवार के संजय अग्रवाल तथा शहर के स्कूलों के बच्चे तथा नागरिक उपस्थित थे।

## मरीजों से भोजन सहित उपलब्ध अन्य सुविधाओं के संबंध में ली जानकारी

# कलेक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण, मरीजों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को विश्रामपुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने ओपीडी, प्रयोग शाला, एक्स–रे कक्ष, ऑपरेशन कक्ष भण्डार कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में उपलब्ध दवाइयां, भोजन सहित उपलब्ध अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने इस दौरान कहा कि मरीजों को ऐसी ब्रांडेड दवाइयां न लिखी जाएं, जिन्हें बाहर से खरीदना पड़ता है।

कलेक्टर ने इसके साथ ही मरीजों को मेन्यू के अनुसार ही भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने यहां किए जा रहे मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ठेकेदार द्वारा कार्य बीच में ही बंद किए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने यहां कोल्ड चौन प्वाईंट का निरीक्षण किया और टीकों के उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में बंद पड़े उपकरणों की मरम्मत तत्काल करवाने के निर्देश दिए।



### अनुपयोगी सामग्री राइट ऑफ करने दिये निर्देश

वहीं अनुपयोगी सामग्री के नष्टीकरण की कार्रवाई के संबंध में भी निर्देशित किया। उन्होंने संपूर्ण परिसर की स्वच्छता के संबंध में निर्देशित करते हुए आवश्यकता अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र का भी निरीक्षण किया और यहां बच्चों को उपचार के दौरान मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों का भोजन आहार सलाहकार की निगरानी में तैयार करने के निर्देश भी दिए।

### मौजूद रहे ये

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी अनिकेत साहू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आरके सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक भावना महलवार उपस्थित रहे।



# हेमवती ने राष्ट्रीय जूनियर शालेय जूडो प्रतियोगिता में जीता कांस्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पंजाब के लुधियाना में 6 से 11 जनवरी तक आयोजित जूडो प्रतियोगिता में हेमवती नाग द्वारा कांस्य पदक प्राप्त कर राज्य एवं जिला को गौरवान्ति किया है। हेमवती राज्य की उदयमान खिलाड़ी है । इन्होंने अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक अपने नाम किया है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय वुमेंस लीग में भी पदक प्राप्त कर नगद इनाम भी जीता है। यह बालिका बाल कल्याण परिषद बालिकागृह में अधीक्षिका मणि शर्मा के नेतृत्व में रहकर आईटीबीपी जूडो कोचिंग कैम्प बंदापारा में अभ्यास करती है जो कि 41 वी. वाहिनी सेनानी नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। विगत कई वर्षों से प्रशिक्षक नारायण सोरेन व उदयसिंह यादव से बालिका अपने खेल का अभ्यास कर रही है। यह बालिका नक्सल प्रभावित क्षेत्र बड़े कनेरा से है। इस उपलब्धि पर सेनानी नरेन्द्र सिंह, कोण्डागांव जिला प्रशासन व छत्तीसगढ़ जूडो संघ द्वारा सभी खिलाडियों व प्रशिक्षको को बहुत–बहुत बधाइयां दी एवं निरन्तर इसी प्रकार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# नकली खाद से भरे ट्रक को पुलिस ने छोड़ा, खाद्य विभाग के अफसर हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनोरा

धनोरा में दो ट्रक में नकली खाद बिक्री करने केशकाल तहसील के ग्राम -सिलाटी पंहुचे संदिग्ध खाद को पकड़ने के लिए जिला मुख्यालय कोंडागांव से कृषि विभाग के अधिकारी भागे दौड़े सुबह सुबह गांव में पंहुच गए और बड़ी मशक्कत करके 482बोरी खाद को जब्त करने में कामयाबी अर्जित की। कृषि विभाग की इस छापामार कार्रवाई की जानकारी केशकाल के तत्कालीन एसडीएम शंकरलाल सिन्हा को मिलन जाने से वो भी मौके पर पहुंच गए। खाद गोदाम में न रखवाकर खाद का सैंपल लेकर दोनों ट्रकों को पुलिस थाना धनौरा में खड़ा करवा दिया गया।

जानकार यह बताते हैं की खाद परिवहन करने वाले ट्रक के ड्राइवरों के पास खाद से संबंधित कोई भी बिल वाउचर या कोई भी कागजात नहीं मिला। ट्रक ड्राइवर ने और सिलाटी में जिस घर में खाद उतारा जा रहा था, उन्होंने संतोषप्रद जानकारी नहीं दिया। जिससे मामला और रहस्यमय बन गया।

### प्रतिवेदन प्रस्तुत किया

कृषि विभाग के अधिकारी मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास करते प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। पकड़े गए खाद की टेस्ट रिपोर्ट नहीं आ पाया और न जांच पूर्ण हो पाया। इसके पहले ही आश्चर्यजनक ढंग से पुलिस थाना धनौरा से ट्रकों को छोड़ दिया गया है। दोनों ट्रक छोड़ने का आदेश एसडीएम केसकाल ने थाना प्रभारी पुलिस थाना धनोरा को जारी किया था, उसी आदेश के तहत पुलिस थाना से छोड़ा गया है। जिससे कृषि विभाग के अधिकारी ने दोनों ट्रक को छोड़ने पर कई सवाल खड़ा हो रहा है कि किसानों की कृषि नकली खाद भरे दोनों ट्रक को थाना से अचानक कैसे गायब होने की चर्चा जोरो पर है।





### जानकारी नहीं

कृषि विभाग के अधिकारी का कहना है कि मामला हमारे विभाग का है तथा हमारे विभाग द्वारा ट्रकों को पुलिस थाना में खड़ी करवाया गया था। फिर हमारे विभाग द्वारा खड़े करवायें गए ट्रकों को पुलिस थाना धनौरा द्वारा कैसे किस आदेश से छोड़ दिया। इसकी जानकारी हमें नहीं है, पर हम विधिवत इसकी जानकारी लेंगे।

## कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया सारबेड़ा में संचालित जल जीवन मिशन के कार्य का अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को सारबेड़ा में जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजना के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राही सतो नेताम से बातचीत की और जल प्रदाय के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया जानी। सतो नेताम ने बताया कि यहां सुबह और शाम दो बार पानी की आपूर्ति की जाती है, जो पर्याप्त है। उन्होंने पानी के बहाव को लेकर भी संतुष्टि व्यक्त की। कलेक्टर श्री दुआवत ने इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति के लिए जल के स्त्रेत का निरीक्षण भी किया। यहां क्रेडा द्वारा स्थापित सोलर सिस्टम के माध्यम से जल आपूर्ति की जा रही है। यहां पानी के ओवर फ्लो को रोकने के लिए स्थापित सेंसर के खराब होने के कारण टंकी से पानी बह रही थी, जिसे कलेक्टर ने तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने सोलर सिस्टम के माध्यम से जल प्रदाय किए जा रहे सभी स्त्रेतों का परीक्षण करने और ओवर फ्लो को रोकने के लिए लगाए गए सिस्टमों को सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता हरिसिंह मरकाम सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विवेकानंद जयंती पर युवा नेतृत्व चरित्र निर्माण पर हुई व्यख्यान माला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई जैतपुरी के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस 12 जनवरी के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर आधारित व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्था के प्राचार्य राज कुमार रामटेके ने स्वामी जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व्याख्यान माला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी रा. से.यो. ब्रजेश तिवारी ने विवेकानंद के व्यक्तित्व के रोचक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया। साथ ही उनके प्रसिद्ध कथन उठो जागो और लक्ष्य की प्राप्ति तक मत रुको का विश्लेषण कर समझाया। संस्था प्राचार्य व मुख्य वक्ता ने विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला। व्याख्यता योगेश खापर्डे ने विवेकानंद के जीवन का प्रेरक प्रसंग बंदर की कहानी सुनाई। उमाशंकर साहू ने विवेकानन्द की शिकागो यात्रा का रोचक वृतांत सुनाया। सय्यद तौसीफ आलम ने विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा लेने की बात कही। भावना ठाकुर ने रोचक उदाहरण पेश किया। वेणुका सिवना ने आदर्श विद्यार्थियों लक्षणों के बारे में बता विद्यर्थियों से प्रेरणा लेने की बात कही। देवेन्द्र दीवान ने विवेकानंद आश्रम नारायणपुर की उपलब्धियां के बारे में अवगत कराया व्याख्यता हेमन्त पांडे ने विवेकानंद को युग पुरूष बताया। स्वयं सेवक शुभम ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में धनेश्वरी मरकाम निर्मला यादव राजेश नेताम, पूनम नाग आदी शिक्षक गण उपस्थित रहे।



### गाय को बचाने के चक्कर में बाइक से गिरकर युवक हुआ घायल



फरसगांव। नेशनल हाइवे 30 बोरगांव के पास 12 जनवरी को गाय को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक बाइक से गिरकर घायल हो गया, घायल को फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम मस्सुकोकोडा मांझापारा निवासी संतुराम यादव पिता सोनाराम यादव 35 वर्षीय लंजोड़ा बाडरा में स्थित अपने खेत मे मक्का लगाकर वापस घर आ रहा था। इसी दौरान नेशनल हाईवे 30 बोरगांव के पास गाय को बचाने के चक्कर मे बाइक से गिर गया और घायल हो गया। घायल को 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## आईजी, कलेक्टर व एसपी पहुंचे पुसनार कावड़गांव के जवानों जाना हालचाल



जगदलपुर। बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित गंगालूर के पुसनार व कावड़गांव का भ्रमण कर आईजी, कलेक्टर व एसपी ने इलाके में तैनात जवानों व ग्रामीणों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों से विकास एवं कल्याणकारी कार्यों के क्रियान्वयन के संबंध में हुए रूबरू होकर आवश्यक चर्चा की। आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर के प्रशासन व पुलिस व सीआरपीएफ के अधिकारियों के साथ आवश्यक चर्चा की गई। इस दौरान जिला पुलिस बल, डीआरजी व सीआरपीएफ के अधिकारियों व जवानों से चर्चा कर क्षेत्र की सुरक्षा एवं विकास कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। आईजी के साथ भ्रमण के दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप दन्तेवाड़ा रेंज, डीआईजी सीआरपीएफ एसके मिश्रा, कलेक्टर बीजापुर अनुराग पाण्डेय, एसपी बीजापुर आंजनेय वार्ष्णेय ने पुसनार व कावड़गांव क्षेत्र के ग्रामीणों से चर्चा किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से शासन के विभिन्न कल्याणकारी एवं विकास कार्यों के संबंध चर्चा करते हुए पानी, बिजली, सड़क, आंगनबाड़ी, स्कूल-आश्रम, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाए जा रहे अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में उपस्थित ग्रामीणों को अवगत कराया गया। आईजी सुन्दरराज पी ने चर्चा के दौरान ग्रामीणों को बताया कि वनांचल क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने के दिशा में पुलिस एवं सुरक्षाबल द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। इस दौरान ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य शासन के कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में उपस्थित अधिकारियों से आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया।

## खेल प्रतियोगिता से बढ़ती है सामाजिक समरसताः नीलकंठ

केशकाल। कुएं मारी में पहली बार सम्पन्न हुए विकासखंड स्तरीय खेल के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने बच्चों के बीच जाकर उनका उत्साह वर्धन किया। बच्चों के अलावा ग्रामीण भी अपने लोकप्रिय विधायक अपने बीच पाकर खुश हुए। श्री टेकाम ने कहा कि बच्चों के खेल प्रतियोगिता से दूर दराज गांवों से आए लोगों में सामाजिक समरसता का प्रसार होता है, जो हमारी एकता का परिचायक है। बच्चें खेलों के नियम से अनुशासन सीखते है और यह समय जीवन भर यादगार रहता है। विशिष्ट अतिथि सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि आज खेल का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है हमे अपने अध्यापन के साथ खेल को भी जीवन मे अपनाना होगा। दूरस्थ अंचल में हो रहे इस आयोजन से बच्चों को इस पर्यटक स्थल की जानकारी मिली और अब यहा 250 बच्चों के आवासीय विद्यालय की स्थापना की जावेगी। हमें शासन की योजनानुसार सारे विकास के कार्य करने है। कुएं मारी के लोगों में भी पहली बार हो रहे इस आयोजन से प्रफुल्लित नज़र आए। शिक्षा विभाग केशकाल के बैनर तले हुए इस आयोजन में 18 संकुल जोन 14 हाई स्कूल 7 हायर सेकंडरी के कुल 2383 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलों में खो खो, कबड्डी, वालीबाल, गोला फेक, 100 मीटर रेस, लंबीकूद लेखन, चित्रकला, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्राथमिक बालक वर्ग में 100 रेस प्रथम कोहकामेटा संकुल, द्वितीय सिंगनपुर संकुल, आलू दौड़ में प्रथम सिकागांव दूसरा स्थान मस्सूकोकोडा संकुल रहा। लंबीकूद में कोहकामेटा, द्वितीय खालेमुरवेंड, खो खो में प्रथम कोहकामेटा संकुल द्वितीय बड़ेखोली रहा, कबड्डी में विजेता कोहकामेटा उप विजेता सिंगनपुर संकुल रहा। लेखन में प्रथम सिकागांव द्वितीय अरंडी संकुल तथा सामान्य ज्ञान में संकुल खाले मुरवेंड दूसरे पर सिंगनपुर तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम बावनीमारी संकुल दूसरे स्थान पर संकुल केंद्र केशकाल और तीसरे स्थान पर संकुल केंद्र कोहकामेटा रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक लोकेश गायकवाड, प्रकाश साहू, भरत लाल नागवंशी,रोशन हिरवानी, देवेन्द्र कुपाल, टिकेश्वर सोनबेर आदि ने सफलतापूर्वक किया। आयोजन की सफलता मे कोलूराम मंडावी,शंभु राम जुर्री, जगदीश हुडको,रतीराम नाग, सुनील कावडे,सुन्ना राम मन्डावी आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## पेज 7 के शेष

### प्रधानमंत्री की मंशानुरूप ...

के हर काम को सभी के साथ मिलकर किए जाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक किरण देव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई।

इस दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि जनहितकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रत्येक पंचायत में संकल्प यात्रा शिविर आयोजित की जा रही है। ग्रामीणों के आवेदनों पर विभागीय अधिकारी तत्काल कार्यवाही कर पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं के लाभार्थियों की कहानी उन्हीं की जुबानी सुनाकर अन्य ग्रामीणों को प्रेरित करने सहित शिविर में योजनाओं के लिए आवेदन लेकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लगभग 280 ग्राम पंचायतों में शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचकर ढाई लाख से अधिक ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी है, जिससे कई लोगों ने लाभ लिया है।

नगरनार में विधायक देव ने ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड और किसानों को धान बोनस वितरण प्रमाण पत्र एवं किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया। इस दौरान अतिथियों ने आयुष्मान भारत पंजीयन एवं कार्ड प्रदाय, किसान क्रेडिट कार्ड पंजीयन एवं प्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, स्वास्थ्य विभाग, पशुधन विकास विभाग, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग इत्यादि के स्टाल का निरीक्षण कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, डीएफओ उत्तम गुप्ता सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जिले के 17 ग्राम पंचायतों में पहुंची प्रचार वाहनः विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासन की योजनाओं के प्रचार हेतु एलईडी वैन जिले के 17 ग्राम पंचायतों में पहुंची। ग्राम पंचायतों में पहुंचे शासकीय योजनाओं के प्रचार वाहन का ग्रामीणों द्वारा उत्साह के साथ स्वागत किया गया। शुक्रवार को बकावंड विकासखंड के पाहुरबेल, फरसीगांव, चारगांव और तरेका, बास्तानार विकासखंड के बड़े बोदेनार, इरपा एवं बड़े बोदेनार-2 सहित परलमेटा, बस्तर विकासखंड के पखना कोंगेरा, सालेमेटा-1 तथा चुरावंड, जगदलपुर विकासखंड के नगरनार और मारकेल और तोकापाल विकासखंड के नैननार, बारूपाटा, सालेपाल-2 एवं सालेपाल में आयोजित किया गया। इन संकल्प शिविरों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और पंचायत पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री के मंशानुरूप विकसित भारत बनाने की शपथ दिलाई गई। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। साथ ही एलईडी वैन के माध्यम से शासन की योजनाओं सम्बन्धी जानकारी तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प सन्देश को ग्रामीणों ने ध्यानपूर्वक सुना। इस मौके पर क्षेत्र के प्रतिनिधियों सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### हितग्राहियों ने सुनायी ....

धूप एवं ठण्ड के मौसम में भी परिवार के लोग सुविधापूर्वक निवास कर रहे है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से लाभान्वित होने की जानकारी को भी मेरी कहानी-मेरी जुबानी में अवगत कराया। इस दौरान राधामनी ने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और बुजुर्ग लछीन बघेल ने मोतियाबिंद जांच एवं उपचार से हुए लाभ के बारे में बताया।

### भतीजी से देर ....

जुलते रहते थे। इससे पहले भी निलेश और मेरी भतिजी के साथ बातचीत करता था तब मैं उसका मोबाईल खींचकर तोड़ दिया था। उसके बाद भी चोरी छिपे निलेश का आना जाना रहता था। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### प्रेशर हार्न व...

गया। यातायात पुलिस द्वारा भविष्य में भी ध्वनि प्रदूषण करने वाले ऐसे वाहनों पर कार्रवाई जारी रहने व जुर्माना वसूल करने की बात कही गई है। नियमों की अवहेलना करने वाले दो दर्जन से अधिक बुलेट व अन्य दोपहिया वाहनों को जब्त कर पुलिस ने वाहन चालकों व बच्चों के परिजनों से अपील की है कि वाहन कंपनी द्वारा लगाए गए साइलेंसर के अतिरिक्त अन्य माडिफाई साइलेंसर ना लगाएं तथा अपने बच्चों को भी ना लगाने देने प्रेरित करें अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

### कमिश्नर ने ....

लिया। साथ ही ग्रामीणों से वन अधिकार मान्यता पत्र धारक किसानों द्वारा धान का विक्रय, सामुदायिक वन अधिकार पत्र की स्थिति के संबंध में चर्चा की। ग्रामीणों ने समिति द्वारा खाद, बीज की उपलब्धता समय पर की जाने की बात कही, तो कमिश्नर ने समिति प्रबंधक को बधाई दी। अस्थाई धान खरीदी केंद्र गोड़वाना समाज के भवन परिसर में संचालित किनका रही है, कमिश्नर ने सामाजिक भवन का उपयोग और परिसर का बाउंड्री करवाने के लिए कहा। इस अवसर पर केशकाल एसडीएम अनिकेत साहू, तहसीलदार ए शर्मा, आयुक्त के वरिष्ठ निज सहायक हरेंद्र जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### आदिवासी संस्कृति-परंपरा ...

बस्तर ने आजादी की लड़ाई में भी अपना योगदान दिया है। हमारी जीवन शैली में आदिवासी परंपरा शामिल है। जो अवैध धर्मांतरण कल भी गलत था, आज भी गलत है, संस्कृति-परंपरा से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे। केदार कश्यप ने कठोर शब्दों में कहा कि हमारी विरासत, हमारी आदिवासी परंपरा है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती आ रही है। हमें बाहर से आये लोगों के द्वारा संस्कृति को समझने की आवश्यकता नहीं है। जब तक जड़ से जुड़े रहेंगे, तब तक मजबूत वटवृक्ष की भांति टिके रहेंगे। हमारी संस्कृति पर हमला करने वाले बाहरी तत्वों से सावधान रहना है। समाज को तोड़ने वाले शक्तियों के हर षड्यंत्र को समझ कर अपनों के लिए कार्य करना है।

संस्कृति की रक्षा व सम्मान हम सबकी जिम्मेदारी : केदार कश्यप ने कार्यक्रम में सम्मिलित लोगों से कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़े हैं। हमारे बस्तर क्षेत्र के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। उसी तरह हमारी यह सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम सभी अपने संस्कृति और परंपराओं को लेकर सजग रहें। बाहरी विचारों और लोगों से प्रभावित हुए बिना हम अपने संस्कृति में बने रहें। उन्होंने कहा कि आदिवासी परंपरा और हमारे चीर पुरातन संस्कृति की रक्षा के लिए आया के गुहार मां दंतेश्वरी के द्वार यात्रा का आयोजन सराहनीय पहल है। जनजाति सुरक्षा मंच के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपनों के बीच गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

## खबर संक्षेप

### मिशन वात्सल्य पर हुई कार्यशाला



**बस्तर।** विकासखंड बस्तर के शासकीय हाईस्कूल कुड़कानार में गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग ने विद्यार्थियों के लिए मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के प्राचार्य सईदा खान मौजूद थे। वहीं कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षिका परिवीक्षा अधिकारी अनिता पाणिग्रही जिला बाल संरक्षण इकाई जिला बस्तर ने बाल संरक्षण के बारे में बताते बच्चों को स्वयं जागरूक होकर अपने हितों को समझाने पर प्रकाश डाला। इस दौरान संस्था के सभी छात्र-छात्राएं, संकुल समन्वयक अजंबर कोर्राम, व्याख्याता माधवी राठौर, दीपा मांझी, अर्चना देवांगन, कुसुम पांडे, माधुरी वर्मा मौजूद रहे।

### महिला लखपति दीदी पहल की हुई शुरूआत

**दंतेवाड़ा।** प्रधानमंत्री के मंशा अनुसार जिला दंतेवाड़ा में भी महिला लखपति दीदी पहल की शुरूआत की जा चुकी है। इसी तारतम्य में जिला दंतेवाड़ा में दीदीयों को लखपति बनाने हेतु उनके आजीविका संबंधित सृजन करने हेतु सीआरपी का प्रशिक्षण जनपद गीदम में आयोजित किया गया है। जिसमें 8 जनवरी को महिला लखपति प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन द्वारा लखपति सीआरपी को विस्तृत व्याख्यान और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही लखपति कैसे बने इस पर मार्गदर्शन किया। उक्त प्रशिक्षण में सीईओ जनपद पंचायत क्रांति ध्रुव मास्टर ट्रेनर एवं डीपीएम एनआरसीएम नितेश कुमार देवांगन एवं मास्टर ट्रेनर बीपीएम एनआरएम वैभव शिव उपस्थित थे।

### नाम जुड़वाने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शिविर

**दंतेवाड़ा।** शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 8 जनवरी को नाम जोड़ो कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची में शामिल करवाने हेतु महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरके हिरकने, स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार लहरी, अतिरिक्त तहसीलदार कैलाश श्रीवास्तव, सुपरवाइजर और समस्त बीएलओ की उपस्थिति में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 92 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीयन कराया है।

## निधन

### बीपी सिंह



**जगदलपुर।** बोधघाट कॉलोनी निवासी बीपी सिंह (86) का गुरुवार की शाम निधन हो गया। वे विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। वे सुभाष, श्याम, राजकुमार व बसंत सिंह के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया अंतिम यात्रा में समाज के लोग, परिजन एवं शहरवासी मौजूद रहे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

## करोड़ों रुपए के फर्जी टेंडर पर लगी रोक, शासन के नियमों का नहीं किया गया पालन

# कोन्टा नपं की कार्यप्रणाली पर चला कलेक्टर का डंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा जिले में निविदा प्रक्रिया का कितना पालन धरातल पर होता है, इसकी पोल आखिरकार खुल ही गई। सुकमा जिले के कोन्टा में करोड़ों रुपयों के हुए निविदा को गुप्त तरीके से प्रकाशन कर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के सनसनीखेज आरोपों के बीच हुई जांच में कलेक्टर ने निविदा प्रक्रिया को ही गलत मानते हुए निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश दे दिया है।

- करोड़ों के कार्यों का हुआ बंदरबांट

कोन्टा के युवा पवन कुमार उर्फ सिद्धु द्वारा कोन्टा नपं निविदा मामले का आरटीआई से खुलासे के बाद पूरे मामले की शिकायत संयुक्त संचालक से लेकर कलेक्टर तक की गई। वहीं शिकायत उपरांत सीएमओ ने फिलहाल आगे की कार्रवाई पर विराम की बात कहते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर आगे प्रक्रिया करने की बात कही थी।



कोन्टा नपं की निविदा पर गंभीर आपत्ति
शासन के नियमों का नहीं किया गया पालन

#### ऐसा पहली बार नहीं

कोन्टा नपं में निविदा प्रक्रिया में गड़बड़ी कोई नई बात नही है। इसके पूर्व में भी कई निविदाओं को चहेते ठेकेदारों को उच्च दर पर देकर शासन के करोड़ों रुपए का चुना लगाया गया था। नगर पंचायत कोंटा द्वारा निविदा क्रमांक 57 दिनांक 11 अप्रैल 2023 को करोड़ों रुपए के निर्माण कार्य का निविदा आमंत्रित किया गया था। लेकिन कोन्टा के युवक पवन कुमार के द्वारा सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी पर कई खामियां सामने आई, जिसकी शिकायत संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन सहित कमिश्नर बस्तर व सुकमा कलेक्टर को करते हुए पूरी प्रक्रिया को ही गलत बताते हुए जांच की मांग की थी।

#### ऐसे हुआ था खेला

कोन्टा नपं में हुए निविदा की शिकायत के बाद प्रशासन ने पाया कि कोन्टा नपं में अधोसंरचना मद अंतर्गत कुल निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक 57 दिनांक 11 अप्रैल को निविदा जारी की गई थी। जिसमें निविदा प्रपत्र प्राप्त हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 1 मई समय 5 बजे तक रखी गई थी। निविदा जमा करने की तिथि 3 मई समय 3 बजे एवं निविदा खोलने की तिथि 3 मई समय 4 बजे रखी गई थी। जो कि एक पूर्ण मिथ्या एवं फर्जी है। सूत्रों की माने तो नगर पंचायत कोंटा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा अपने चहेते ठेकेदार एवं राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह फर्जीवाड़ा किया गया है। निविदा का प्रकाशन नगर पंचायत कार्यालय द्वारा जारी दिनांक से ठीक 12 दिन बाद दैनिक कर्मक्रांति एवं संवाद क्रांति में प्रकाशित किया गया है और यह समाचार पत्र नपं कार्यालय में ही नहीं बल्कि पूरे सुकमा जिले में नहीं मंगाया जाता है। बल्कि नियम अनुसार यह निविदा दो बहुप्रसारित राज्य स्तरीय दैनिक समाचार में प्रकाशन किया जाना चाहिए था। इससे पूर्णतया स्पष्ट होता है कि नगर पंचायत कोंटा कार्यालय द्वारा जारी समस्त निविदा सम्बन्धित प्रक्रिया बैकडेट में किया गया है जो फर्जी एवं गुप्त तरीके से किया गया है एवं अपने चहेते व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने की मंशा रही है।

#### कलेक्टर ने कहा पुनः जारी करें संशोधित निविदा

कलेक्टर सुकमा द्वारा गठित जांच टीम द्वारा कोन्टा नपं में निविदा में भारी खामियां पाई गई थी। कलेक्टर सुकमा के पत्र क्रं. 3340 दिनांक 14 दिसंबर 2023 के तहत उक्त निविदा को निरस्त करने का आदेश दिया गया। जारी पत्र में उल्लेख किया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिपं सुकमा के आदेश क्रमांक 2270 दिनांक 22 सितंबर 2023 के द्वारा उक्त शिकायत की जांच 3 सदस्य समिति जिपं सीईओ देवनारायण कश्यप ने गठन कर जांच कराया। उपरोक्त समिति द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन अनुसार उक्त निविदा त्रुटिपूर्ण पाई गई।

# विवेकानंद जयंती पर छात्रों ने निकाली युवा जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्टा

स्वामी विवेकानंद जयंती अवसर पर आज डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल कर उन्हें स्मरण किया। युवा जागरूकता रैली के रूप में निकली रैली ने नगर के मुख्य चौक पर पहूंच उन्हें याद किया और विवेकानंद के जीवनी एवं विचारों को अपने उद्बोधन के तौर पर इंग्लिश में स्पीच देकर बताया।

डीएवी स्कूल के प्राचार्य शशि कुमार एवं शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य द्वारा स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन पर स्वरचित गीत, भाषण, कविता और नाटक की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात प्राचार्य ने छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिए।



शिक्षकों एवं छात्रों ने संयुक्त रूप से युवा जागरूकता रैली विद्यालय से बस स्टैंड, अटल चौक और वन विभाग कार्यालय के पास स्थित स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा तक आयोजित किया। तत्पश्चात प्रतिमा पर माल्यार्पण कर छात्रों ने लोगों को उनके जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग एवं उनके विचार को जनता तक पहुंचाया। पूरे रैली में छात्रों ने नारों के माध्यम से युवा जन जागरूकता का संदेश दिया।

## छात्र-छात्राओं से कलेक्टर ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा



स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला ग्रंथालय में लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से राष्ट्रीय युवा महोत्सव का प्रसारण किया गया।

महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा युवाओं को विकसित भारत गढ़ने में अपनी भागीदारी निभाने हेतु संदेश दिया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा दंतेवाड़ा जिला को विकसित करने हेतु युवाओं से चर्चा किया गया एवं अपने सुझावों को साझा करने तथा समस्याओं के निवारण हेतु अनुविभागीय अधिकारी से सम्पर्क करने को कहा।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी जयंत नाहटा, डिप्टी कलेक्टर शिवनाथ बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह एवं जिले के युवा, स्कूली छात्र-छात्राएं समेत नगर पालिका दंतेवाड़ा के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों ने चलाया सफाई अभियान

**गीदम।** ग्राम फरसपाल के ग्रामीणों ने अपने पर्यटन स्थल व आस-पास के क्षेत्र को साफ रखने के उद्देश्य से आज सफाई अभियान चलाया। दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी व जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन की प्रेरणा से प्रेरित होकर ग्राम फरसपाल के ग्रामीणों ने अपने पर्यटन स्थल ढोलकल व अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से सफाई अभियान चलाया। ग्रामीणों ने बताया कि फरसपाल एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है, यहां पर देश-विदेश से लोग घूमने पहुंचते है। पर आने वाले पर्यटक क्षेत्र की सफाई का ध्यान नहीं रखते है। मार्ग में और अन्य जगहों में पॉलिथीन, रेपर, पानी के बॉटल आदि फेंक देते है। जिससे हमारे गांव में गंदगी फैल रही है। इसलिए अपने गांव को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से हमने सुबह 10 से 12 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया है। भविष्य में हर सप्ताह हम सभी ग्रामवासी मिल कर अपने गांव के मुख्य मार्ग और अपने घर के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाएंगे। इस स्वच्छता अभियान में ग्राम पंचायत के सरपंच अनिल कर्मा, सत्यनारायण कर्मा, अर्जुन कर्मा, गोवर्धन ठाकुर, प्रभाकर ठाकुर, अंगद ठाकुर, सुकमन कर्मा, राकेश कर्मा, राकेश कश्यप के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।



## भारत माता व स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा धारण कर शोभायात्रा में शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में युवा दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान भैया-बहनों के बीच चित्रकला, रंगोली, निबंध, भाषण आदि प्रतियोगिताए रखी गई। स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए आचार्यों व भैया-बहिनों ने कहा कि हमें स्वामी विवेकानंद के विचारों का प्रचार-प्रसार करते हुए उन्हें आत्मसात करना चाहिए। जिससे हमारा यह राष्ट्र परम वैभव को प्राप्त करते हुए विश्व शिखर पर विराजमान हो सके। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने स्वामी विवेकानंद के जीवन में जो घटनाएं घटी,उन प्रेरक प्रसंगों को भैया-बहनों को बताया। इस दौरान विद्यालय के नौ भैया-बहनों ने स्वामी विवेकानंद व एक ने भारत माता का वेशभूषा धारण किया, जिनके साथ नगर में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान घोष दल के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी भैया-बहनों को पुरस्कृत किया गया।



# विवेकानंद जयंती पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

स्वामी आत्मानंद स्कूल में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द जयंती मनाया गया। इस दिन को मनाने का उद्देश्य देश-दुनिया के युवा स्वामी विवेकानंद के जीवन, उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा ले सकें व अपने जीवन को बेहतर बना सकें। युवाओं को ही देश का भविष्य माना जाता है। यदि देश के युवा बेहतर होंगे, तो देश भी तरक्की करेगा। शाला में युवा विद्यार्थियों को नशीली दवाओं से मुक्त रहने और इसके उपयोग से बचने के तरीके सिखाने के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में युवा बच्चों को गुटका, बीड़ी, तंबाकू आदि नशीले पदार्थों से दूर रहने व दूसरों को भी जागरूक करने की सलाह दी गई। आदत को छोड़ने के भी उपाय विद्यार्थियों को बताये गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने तंबाकू के सेवन से बचने और दूसरों को भी इसका सेवन से रोकने की शपथ ली। यह सेमिनार ऋचा राठौड़ के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहे।



## अधिकारी से मिला शिक्षक संघ, बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

बस्तर जिले के विभिन्न शालाओं में कार्यरत शिक्षक सर्व शिक्षक संघ जिला बस्तर के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सोनी व जिला उपाध्यक्ष बी श्रीनिवास राव की अगुवाई में अपनी विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु आज संयुक्त संचालक व जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपे।

जिलाध्यक्ष सोनी ने बताया कि बस्तर जिले में कार्यरत व्याख्याता एलबी संवर्ग जिनका अब तक नियमितीकरण आदेश जारी नहीं हुआ है। उनका नियमितीकरण आदेश डीपीआई से जारी करने के लिए आग्रह किया। साथ ही जिनका नियमितीकरण हो चुका है, उनको डीडीओ द्वारा वार्षिक वेतनवृद्धि नहीं दिया जा रहा है। इस पर ध्यान आकृष्ट कर स्पष्ट निर्देश जारी करने, उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए परीक्षा अनुमति आदेश का इंतजार कर रहे शिक्षकों की अनुमति आदेश जारी करने व शिक्षक संवर्ग की वरिष्ठता सूची में त्रुटि सुधार करने के लिए आग्रह किया गया। संयुक्त संचालक द्वारा उक्त सभी प्रकरणों पर यथासंभव कार्यवाही करने हेतु जल्द पत्र प्रेषित करने सहमति दी गई। इस दौरान गुलशन देवांगन, संजीव शर्मा, चंद्रशेखर स्वादु, गजेंद्र ठाकुर, पवन सेठिया, भारती नामदेव, भूपेंद्र साहू, रेनू साहू, नागेश्वरी व अन्य शिक्षक उपस्थित थे।



# रासेयो ने पारापुर में बनाया अस्थाई बांध

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहंडीगुड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहंडीगुड़ा द्वारा ग्राम पंचायत पारापुर में आयोजित किया गया हैं। जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच एवं समस्त ग्रामीणों के द्वारा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग प्राप्त हो रहा हैं। गांव के विकास के लिए सकारात्मक संदेश देने के लिए स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम संपर्क किया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के ग्रुप लीडर शिवशंकर, हीराधर, हेमसिला, दैमती, दिव्या नीतू, शिवानी के नेतृत्व में जन संपर्क कर विभिन्न प्रकार के कार्य कर सकारात्मक संदेश दिए जा रहे है। डीएल. पटेल कार्यक्रम समन्वयक शहीद महेन्द्र कर्मा विश्व विद्यालय जगदलपुर बस्तर के शिविर में निरीक्षण उपरांत उनके कुशल निर्देशानुसार कार्यक्रम अधिकारी हेमराव खापर्डे एवं सरोज पटेल के द्वारा स्वयं सेवकों के सहयोग से ग्राम पारापुर में अस्थाई बांध का निर्माण किया गया। बांध निर्माण कार्य में मुख्य रूप से वामन राम, सेवन कुमार, योगेश, अलीशा, राजमा, सुनीता एवं सभी स्वयं सेवकों का सक्रिय योगदान रहा। पारापुर में पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगने से पूरे गांव में उत्साह का माहौल है।



# वैज्ञानिकों ने किसानों को सीडड्रिल मशीन से सिखाया बुवाई का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र गीदम दंतेवाड़ा के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डिप्रोशन बंजारा के नेतृत्व में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संचालित तिलहन फसल का समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले के कारली, जावंगा, कासोली एवं मुस्तलनार गांव में कम लागत एवं अधिक उपज के लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसान के खेत पर ही सीडड्रिल मशीन से सूरजमुखी एवं अलसी की सीधी बुवाई करा कर किसानों को प्रशिक्षित किया जा रहा हैं।

इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि इस विधि से कम लागत लगाकर अच्छी पैदावार प्राप्त किया जा सकता है एवं किसानों को इस विधि से ही बुवाई करनी की सलाहदी, तीलहनी फसलों का समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में सुरजमुखी 20 हे. एवं अलसी 10 हे. में प्रदर्शन किया जा रहा हैं। कृषि अभियांत्रिकी वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार निषाद ने बताया कि सीडड्रिल मशीन से बुवाई करने पर खाद और बीज दोनों की खपत कम होती है। उन्होंने कहा कि छिटकाव विधि के मुकाबले इस मशीन से बुवाई करने पर 25 से 40 प्रतिशत बीज, 40 से 50 प्रतिशत डीजल, 25 से 30 प्रतिशत पानी एवं 60 से 70 प्रतिशत समय की बचत होती हैं। इस मशीन से सूरजमुखी एवं अलसी के अलावा धान, गेंहू, मक्का, चना, मटर, मूंग, उड़द, अरहर, मूंगफली, मसूर, सरसों के साथ-साथ दानेदार उर्वरकों की उचित गहराई व दूरी पर बुवाई की जा सकती हैं।



केन्द्र के कृषि मौसम वैज्ञानिक अनिल कुमार ठाकुर ने मौसम से संबंधित जानकारी किसानों को दी, ताकि कृषि कार्य समय पर किया जा सके। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने जैविक खाद का उपयोग करने, मिट्टी की जांच कराने, फसलों को कीट प्रकोप से बचाने एवं कृषि में उपयोग होने वाले अन्य उन्नत कृषि यंत्रों के बारे में भी किसानों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर केन्द्र के सहायक कर्मचारी विनोद पांडे सहित कृषकगण उपस्थित थे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### ह्रदय रोग से पीड़ित महिला के उपचार के लिए पार्षद की पहल



**जगदलपुर।** गंगानगर वार्ड पार्षद राजेश राय को जब जानकारी दी गई कि वार्ड की एक महिला ह्रदय रोग से पीड़ित है, जिनका उपचार एम्स में चल रहा है। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने से उपचार में समस्या आ रही है। उन्होंने तत्काल परिजनों से सपर्क कर पीड़ति सरिता सिंह जिनका उपचार नई दिल्ली एम्स में चल रहा है उनके निवास पहुंच अंत्योदय कार्ड सौंपा। कार्ड के बन जाने से अब उन्हें 10 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मिल पाएगी।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजनांतर्गत पंजीयन प्रारंभ

**जगदलपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत भारत शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार के तहत हितग्राहियों में जागरूकता लाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें भारत शासन सूक्ष्म-लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों को सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को कौशल प्रशिक्षण, उपकरण, विपणन समर्थन एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया जाना है। जिसके तहत उद्योग विभाग में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत पात्र 18 प्रकार के कारीगरों एवं शिल्पियों का उक्त शिविर में पंजीयन कर योजनान्तर्गत लाभ एवं ऋण सम्बंधी समस्त जानकारी व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। इस हेतु इच्छुक व्यक्ति 13 जनवरी को दोपहर 1.30 से शाम 5.30 बजे तक दंतेश्वरी मंदिर के सामने टाउन क्लब मैदान, 14 जनवरी को सुबह 9 से 1 बजे तक वीर सावरकर भवन और दोपहर 1.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक टाउन हॉल-श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉल, 15 जनवरी को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अतिथि होटल के सामने रेल्वे ग्राउंड और दोपहर 1.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक पीजी कॉलेज मैदान में निर्धारित तिथि एवं समय अनुसार उक्त शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

### विद्यार्थियों को कराया गया औद्योगिक क्षेत्र भ्रमण



**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आड़ावाल के नवीन व्यवसायिक पाठ्यक्रम शिक्षा के अंतर्गत मिडिया एण्ड एंटरटेनमेंट के छात्रों को अंजलि फ्लैक्स प्रिंटिंग ले जाया गया। जहां संस्था प्रमुख स्वापनिल खेडुलकर ने फ्लैक्स एवं डिजीटल प्रिंटिंग की जानकारी दी। इस दौरान छात्रों ने रूचि की अभिव्यक्ति का परिचय दिया। छात्रों ने प्रिटिंग में भविष्य के बारे में जानकारिंया प्राप्त किया। राज्य समन्वयक आदित्य पिल्लेई एवं बृजेश शुक्ला के निर्देशन में प्राचार्य एएन राव एवं व्यवसायिक प्रशिक्षिका शिल्पा दास ने छात्रों को प्रेरित करते हुए मार्गदर्शन दिया।

### संघ का अधिवेशन कल

**जगदलपुर।** विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी, कर्मचारी संघ की प्रांतीय अधिवेशन 14 जनवरी को सीएसइबी मैदान डगनिया रायपुर में आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों से भारी तादाद में आरक्षित वर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारी रायपुर में पहुंचेंगे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के नवगठित सरकार के कई मंत्री एवं विधायक शामिल होंगे। विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जगदलपुर बस्तर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष व्हीके मरकाम के अनुसार कार्यक्रम में बस्तर संभाग यानी बस्तर, सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, नारायणपुर, भानुप्रतापपुर, पखांजूर एवं कांकेर जिले से लगभग 5 सौ से अधिक शामिल होंगे।

## विमोचन...





### निष्पक्ष, निर्भीक एवं विश्वसनीय अखबार हरिभूमि पाठकों की पहली पसंद : देव

# हरिभूमि का बहुरंगी आकर्षक कैलेण्डर पहुंचा पाठकों के पास

**जगदलपुर।** दैनिक हरिभूमि के 2024 के बहुरंगी,आकर्षक व जनउपयोगी कैलेण्डर का विमोचन शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, डिप्टी सीएम विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक एवं भाजपा नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विमोचन करने वाले अतिथियों ने हरिभूमि के कैलेंडर की खुब तारीफें की और इसे लोगों के लिए उपयोगी बताया।

उन्होनें कहा कि बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ एवं देश के दिल की आवाज हरिभूमि छत्तीसगढ़ में अपने स्थापना की 22वीं वर्षगांठ मना रहा है ऐसे अवसर पर उनके द्वारा पाठकों को निःशुल्क दिया जा रहा यह कैलेण्डर केवल सूचनाओं का कैलेंडर नहीं होगा बल्कि घर के सदस्य के रूप में आगामी एक वर्ष तक उपयोगी होगा।

शुक्रवार को जगदलपुर पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने अपने व्यस्ततम शेड्यूल से समय निकालकर हरिभूमि के संभागीय ब्यूरो प्रमुख सुरेश रावल एवं बस्तर के मार्केटिंग हेड समीर सेन के साथ कैलेण्डर का भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विमोचन किया। वहीं अपने नारायणपुर दौरे पर पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा, प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी ने हरिभूमि नारायणपुर ब्यूरो प्रमुख शेख महमूद के आग्रह पर हैलीपेड पहुंचते ही जिले में बंटने वाले इस महत्वपूर्ण कैलेण्डर का विमोचन किया।

अतिथियों ने कहा कि हम हरिभूमि टीम को बधाई देते है कि उन्होंने लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उपयोगी कैलेंडर का विमोचन किया। वर्ष दर वर्ष हरिभूमि प्रगति करे और सकारात्मक पत्रकारिता में हरिभूमि अपनी भूमिका निभाता रहे। हरिभूमि हमेशा सराहनीय कार्य करता आ रहा है। कैलेंडर जनमानस के दैनिक जीवन का हिस्सा है। यह कैलेंडर के साथ साथ एक पंचांग भी है। तीज त्यौहार, व्रत, योग और अन्य उपयोगी जानकारियां इसमें मौजूद हैं।

## अधिवक्ताओं ने मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती



**जगदलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती न्यायालय परिसर में मनाई। अधिवक्ता झरना बांगर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं, इसलिए इनके जन्मदिन 12 जनवरी को देश में राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद ने भारतीय योग-वेदांत की शिक्षा व दर्शन को विदेशों में ख्याति दिलवाई। अधिवक्ता सपन देवांगन ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज हर युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए। वह पुरुष या स्त्री जो बदले में कुछ नहीं मांगता पूर्ण रूप से निःस्वार्थ व्यक्ति, सबसे सफल है यही सफलता की कुंजी है। इस अवसर पर आनंद मिश्रा, प्रतिमा राय, विशाल दुबे, दंतेश्वर राव, अरुण दास, सरिता सथपथी, कृष्णानंद झा, भूपेन्द्र ठाकुर, ईशनारायण पांडे, सागर देवरे सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## शिल्पी के कार्यक्रम में याद किए गए स्वामी विवेकानंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्वामी विवेकानंद को याद करते हुए प्रतिमा राय चौधरी ने भजन गाया। संस्था के अध्यक्ष सुबीर नंदी, केके तिवारी, देव व्रत बरल, असीम गायन ने स्वामी जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता शेफाली सरकार ने विस्तृत रूप से स्वामी जी के बारे में बताया। अनिल शुक्ला ने कविता पाठ किया। संचालन महासचिव संजीव सील व आभार सहसचिव संजय चंद्रा ने माना। इस दौरान सुधीर मंडल, हरि माधव दास, अशोक रंजन मुखर्जी, डॉ. हेमंत, मृणाल मलिक, शांतनु नाग, जय गोपाल सरकार, रानी चेरपा, रमोल लाल साहू, रमेश सिंह, भारत लाल गुप्ता, शाही समेत मातृ शक्ति एवं गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे।

## मेटगुड़ा, सोटो और हेड शूटर ने जीता मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- क्रिकेट को कैरियर के रूप में अपनाए : महतो
- गांधी मैदान में जिला स्तरीय टेनिस क्रिकेट में तीन मैच खेले गए

ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन के पहल से गांधी मैदान में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के 6 वें दिन प्रथम मैच मेटगुड़ा इलेवन विरुद्ध 5 वीं बटालियन के मध्य खेला गया। टॉस जीत कर मेटगुड़ा की टीम फील्डिंग करने का निर्णय लिया। 5वीं बटालियन की टीम शुरू से ही तेज बैटिंग कर रही थी। सन्नी ने 34 रन मात्र 11 गेंद में बनाया। 5वीं बटालियन की टीम 12 ओवर में 6 विकेट खो कर 75 रन बनाए। मेटगुड़ा इलेवन की टीम 76 रन 6 विकेट खो कर मात्र 6 ओवर में ही बना दी और यह मैच जीत लिया। दूसरा मैच तितिरगांव विरुद्ध हेड शूटर के मध्य खेला गया। तितिरगांव




की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 रन 11 ओवर में ही ऑल आउट हो गई। हेड शूटर की टीम तेज बल्लेबाजी कर 6 ओवर में ही लक्ष्य पूरा कर मैच अपने कब्जे में किया। इस दौरान शंकर ने 10 गेंद में 30 रन और सूरज ने 6 गेंद पर 12 रन बनाए। तीसरा और अंतिम मैच सेमलनार इलेवन और सोटो इलेवन के मध्य खेला गया। सोटो इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 12 ओवर में 110 रन बनाए। सोटो इलेवन की ओर से ओम, अजय और आलोक ने जबरदस्त बोलिंग की। जिसमे सेमलनार की टीम 10 रन पर ऑल आउट हो गई। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार वरिष्ठ खिलाड़ी राजकुमार महतो ने देते हुए कहा कि बस्तर के खिलाड़ियों को क्रिकेट को कैरियर के रूप में अपनाना चाहिए। रणजी ट्रॉफी को लक्ष्य बनाकर खेलना चाहिए। वहां अच्छा प्रदर्शन करेगे तो भारतीय क्रिकेट की टीम में जरूर शामिल होगे। साथ ही बस्तर जिले का नाम रोशन करेंगे। मैच के अंपायर पंकज मूर्ति, अभय माने, मोहम्मद साहिबा, अभिषेक बनिक, हर्ष पांडे, हरेंद्र राजपूत थे। संचालन के लिए राजेंद्र डेकाटे सहायक संचालक खेल, जोगेंद्र ठाकुर, सुनील पिल्ले, कोटेश्वरा राव नायडू, वेद प्रकाश सोनी, चंद्र मोहन वर्मा, राजेश देशमुख, मनोज साहू, अविनाश सेठ, सागर शर्मा, दीपक यादव और अन्य लोग उपस्थित थे।

## वर्ष 2024 में होंगे 4 नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सबको शीघ्र और सस्ता न्याय, जिसमें न किसी की जीत और न किसी की हार

न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से त्वरित निराकरण किए जाने हेतु राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के तिथि एवं प्रकरणों का वर्गीकरण किया गया है। इसके अनुसार वर्ष 2024 में नेशनल लोक अदालत का आयोजन होना है। वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तिथि 9 मार्च, 11 मई, 14 सितंबर एवं 14 दिसंबर तय किया गया है। अदालत में विभिन्न विषयों से संबंधित लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। मुख्य न्यायायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक नागरिकों को लाभान्वित कर उनके मामलों का निराकरण हो सके इस हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जगदलपुर द्वारा जिला न्यायालय के सभी न्यायालयों, परिवार न्यायालय, श्रम न्यायालय के न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता फोरम, कलेक्टर बस्तर जिला, पुलिस अधीक्षक बस्तर जिला सहित सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधकों, विद्युत विभाग, नगर पालिका निगम, दूरसंचार विभाग, बीमा कम्पनियों को आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया कि जिससे जिला बस्तर के निवासी अधिक से अधिक लाभान्वित होंगे और उन्हें शीघ्र और सस्त सुलभ हो सकेगा।

## परिचय सम्मेलन में समाज की उन्नति पर विचार मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज भानपुरी द्वारा परिचय सम्मेलन मुख्य अतिथि भानुप्रताप सिंह चुरेन्द्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर, बसंत गांवरे ब्लाक अध्यक्ष दुबेउमरगांव, पीयूष नायक की अध्यक्षता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजन किया गया। सम्मलेन में भानपुरी के ग्राम पुजारी के द्वारा गांव की कंकालिन माय, हल्बा समाज की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी, वीर शिरोमणि गैसिह भाऊ की सेवा अर्जी कर आरती कर पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात तिलक एवं बैच लगाकर अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात पीयूष नायक के द्वारा अध्यक्षीय भाषण



का वाचन किया गया। जिसमें हल्बा हल्बी समाज के परिवार को एकसूत्र में बांधने एवं इस पर कार्य कर समाज को आगे बढ़ाने पर विचार किया गया। मुख्य अतिथि ने शिक्षा के महत्व को जीवन के हर क्षेत्र में उतारने को कहा। लखेश्वर खुदराम ने नशा व्यक्ति को और समाज को किस प्रकार प्रभावित कर पंगु बनाता है पर प्रकाश डाला। प्रसिद्ध हल्बी लोक गीत आया मचो दंतेश्वरी बाबा भैरम आय गाकर सबका मनमोह लिया। अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ने कला संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर में पहुंचाने के लिए, परिचय सम्मलेन का आयोजन समिति की ओर से सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह सीईओ जनपद पंचायत बस्तर एवं विशेष अतिथियों को भेंट किया। कु. समृद्धि कुदराम एवं कु. जागृति ठाकुर ने नृत्य प्रस्तुत किया। बसंत गांवरे ने युवाओं और कर्मचारियों को समाज से जुड़े रहने व समाज के नियमावली पर बात रखी। मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया। गौतम सिंह रात्रे ने आभार माना। इस दौरान बीनू गुना, छेदीलाल बघेल, कमलेश गोयल, प्रताप गावरे, चंद्रभान गावरे, लेखाकुमारी बघेल, खिरसिंह तारसा, बंशी लाल देहारी, रूपेंद्र भंडारी, जम्नू राम भोयर, चैतराम भुआर्य, धुरउ चुरगियां, ललित देहारी, लक्ष्मण हदगिया, माखन लाल रावटे, हेमंत गावरे, हरीशचन्द्र खंडहा, कन्हैया धनेलिया, सियाराम अमिला, प्रेमसिंह भोयर, दिलीप सिंह भोयर, पीयूष नायक, पुरुषोत्तम तारम, जगदीश पटेल, देवेन्द्र नाग, लालसिंह ठाकुर, विक्रमसिंह कुदराम, गौतम रात्रे, तारासिंह ठाकुर, साहिल पात्रे, अरविन्द भोयर समेत सदस्य मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने प्रेरक नारे लिखकर की गांव की सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के गोद ग्राम करंजी में चल रहे शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विशेष सात दिवसीय शिविर का समापन

- रासेयो के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

हुआ। मुख्य अतिथि लच्छू राम कश्यप, सरपंच ग्राम पंचायत करंजी एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष जीएस राव व्याख्याता, विशिष्ट अतिथि उप सरपंच लखमू बघेल, व्याख्याता विमल तिवारी, वरिष्ठ नागरिक भुवन लाल कश्यप, सचिव नेहरू राम उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक सेवा



भावना से कार्य करते हैं और अगले साल भी इसी गांव में शिविर लगाने आग्रह किया गया। उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए गांव की दीवारों में प्रेरक नारे लेखन कार्य की प्रशंसा की। व्याख्याता निरंजन दास ने कहा कि दैनिक कार्यक्रम के अनुसार प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षक डी संतोष राव द्वारा करवाए जाते थे। परियोजना कार्य में गांव गलियों की सफाई, दीवारों में प्रेरक नारा लेखन कार्य, हैंड पंप के पास सोखता गड्ढों का निर्माण, चित्रकोट जाने के रोड के दोनों ओर झाड़ियां की कटाई एवं वृक्षारोपण कार्य किए गए। स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। संचालन व्याख्याता भुखन सिंह ने किया। इस अवसर पर पवन दीक्षित ,शमशाद गोरे ,अमिता रात्रे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पुल बनने से ग्रामीणों को होगा फायदा, दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रावतपारा और धर्मावरम में 204 कोबरा का सिविक एक्शन

204 कोबरा ने नक्सल प्रभावित रावतपारा और धर्मावरम के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन का आयोजन किया। द्वितीय कमान अधिकारी विनय कुमार, उप कमांडेंट अमित कुमार, सहायक कमांडेंट महेश मीना, दुर्गेश कुमार, सत्येंद्र सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्रामीणों को जरूरत के सामान, साबुन, मंजन, टूथब्रस, नमक, सरसों का तेल, कॉपी, पेन, पेंसिल, कंपाक्स बाक्स, स्कूल बैग,




पानी बोतल बांटे गए। तकरीबन 250 ग्रामीण इस आयोजन में शामिल हुए। ग्रामीणों ने कोबरा के अधिकारियों से अनुरोध किया कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में और बड़े पैमाने पर चलाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण लाभान्वित हो सके। ग्रामीणों से धर्मावरम में नदी के ऊपर जो पुल बन रहा हैं, उसकी जानकारी लेने की कोशिश की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया कि पुल के निर्माण से ग्रामीणों को फायदा होगा। साथ ही आश्वासन दिया कि पहले की तरह ही 204 कोबरा ग्रामीणों की भलाई के लिए भविष्य में तत्पर रहेंगे।




